दीपावली पर्व

धनतेरस के साथ हुई पांच दिवसीय दीपोत्सव की शुरूआत

धनतेरस में रही बाजार में रौनक, लोगों ने जमकर की खरीददारी

मंडला 18 अक्टूबर नभाप्र. सनातन धर्म में कार्तिक मास के कृष्णपक्ष की त्रयोदशी तिथि को धनतेरस पर्व मनाया जाता है। हिंदू धर्म में समृद्धि के प्रतीक पांच दिवसीय दिवाली पर्व का विशेष महत्व है। धनतेरस में शहर के बाजार में खूब धन बरसा। अनुमान के मुताबिक शहर में करोड़ों का व्यापार हुआ। धनतेरस के चलते बाजार में चहल कदमी देखी गई। फुटपाथ से लेकर बड़े-बड़े शो रूम तक लोगों की आवाजाही बनी हुई थी। लोग अपने मन पसंद की चीजें खरीद रहे थे। दुकानदारों ने भी अपनी दुकानों को खास तौर पर सजा रखा था। धनतेरस के शुभ मुहूर्त पर लोगों ने नये वाहन खरीदे। इलेक्ट्रोनिक्स दुकानों में जमकर खरीद-फरोख्त हुई। व्यापारियों के मुताबिक धन तेरस में व्यापार संतोषजनक रहा। कपड़ा दुकानों में लोग कपड़े खरीदने पहुंचे। पर्व के चलते दुकानदारों ने कपड़ों की ढेरों वेरायटी रखी है।

धनतेरस से व्यापार का आगाज हो गया है। सराफा बाजार में रौनक देखी गई। धनतेरस में सराफा बाजार में करोड़ो के व्यापार की उम्मीद जताई गई थी, जो कि बहुत हद तक सही साबित हुई। भले ही सोने की कीमतों में उछाल आया हो फिर भी लोग सोने-चांदी की खरीद फरोख्त खुले हाथ से करते दिखे। धनतेरस व दीपावली में सोना चांदी की खरीदी धार्मिक कारणों से महत्वपूर्ण है, इसलिये हर वर्ग के लोग अपनी क्षमतानुसार सोने चांदी की खरीद करते है।

नरक चतुदर्शी आज

कार्तिक मास के 14 वें दिन नरक चतुदर्शी मनाई जाती है। धनतेरस से पर्वो का सिलसिला शुरू हो गया, धनतेरस के बाद आज नरक चतुदर्शी मनाई जायेगी। इस दिन भगवान श्री कृष्ण ने नरकासुर का वध किया था। इस दिन नारकीय यातना से मुक्ति के लिये विशेष पूजन किया जाता है। शाम को यम के नाम से घर की चौखट में दीप जलाया जाता है। पं. विजयानंद शास्त्री ने बताया कि नरक चतुदर्शी के दिन उपटन लगाकर स्नान करना व दीप जलाना चाहिये।

घर-घर में मनाया धनतेरस

धनतेरस का पर्व घर-घर में उत्साह के साथ मनाया गया। धनतेरस से दीपोत्सव पर्व की शुरूआत हो गई। शाम होते ही घरों में दीप जलाये गये। आंगन में आकर्षक रंगोलियां सजाई गई। लोगों ने घर में यम पूजन किया तथा धनवंतरी भगवान का पूजन कर आरोग्य की कामना की। भगवान कुबेर का पूजन भी धनतेरस में किया गया। धनतेरस के साथ ही आतिशबाजी का दौर शुरू हो गया। देर शाम आतिशबाजी की गई।

ऑटोमोबाईल की जमकर बिक्री

धनतेरस के अवसर पर ऑटोमोबाईल की जमकर बिक्री हुई। शुभ मुहूर्त होने के कारण मोटर बाईक एजेंसियों से दर्जनों बाईक खरीदी गई। संचालकों ने बताया कि लोगों ने पहले ही अपनी गाड़ियां बुक करा दी थी। जिन्हें धनतेरस में उठाया गया। मोटरबाईक कुछ इस तरह से उठी कि शॉ रूम खाली हो गये, जबकि एजेंसियों में धनतेरस के चलते भारी स्टॉक उपलब्ध था।

दीपावली के लिये सजा बाजार

दीपावली पर्व के चलते शहर का बाजार सज गया है। मुख्य बाजार में चारों तरफ रौनक ही रौनक दिखाई दे रही है। कई तरह के सजावटी सामानों से दुकानें भर गई है। हर वर्ग के लोगों के लिये दुकानों में मनपसंद वस्तुएं उपलब्ध है। दीपावली पर्व में व्यापरियों को अच्छे व्यापार की आस है। दीपोत्सव में पड़ने वाले पर्वो के चलते बाजार पूरी तरह से सजा है। ग्राहकों के लिये ढेरों विकल्प रखे गये है। लोग अपनी क्षमतानुसार खरीदी कर रहे है।

सोने-चांदी ने बिखेरी चमक

धनतेरस पर सोने चांदी के बाजार ने अपनी खूब चमक बिखेरी। सुबह से ही आभूषण के दुकानों पर सोने-चांदी के जेवरात की खरीदारी करने वाले लोगों की भीड़ देखी गई। सराफा स्थित ज्वैलर्स दुकानों में विभिन्न नए डिजाइन के आभूषणों की महिलाओं ने जमकर खरीदारी की। कुछ लोगों ने धनतेरस के दिन मनपसंद आभूषण बनाने की का आर्डर भी बुक कराया है। वहीं सोने-चांदी के सिक्कों की खूब खरीदारी हो रही है। चांदी के लक्ष्मी गणेश और आभूषणों की भी मांग रही। बाजार में चांदी के हॉलमार्क सिक्कों की धूम मची रही। सामान्य सिक्कों के मुकाबले यह सिक्के महंगे रहे।

1.60 लाख की चोरी का सामान बरामद

बीजाडांडी पुलिस ने पकड़े जबलपुर के दो चोर

मंडला 18 अक्टूबर नभाप्र. पुलिस अधीक्षक मंडला के निर्देश एवं वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना बीजाडांडी पुलिस ने चोरी के दो मामलों का खुलासा करते हुए दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्तार किए गए आरोपियों के पास से चोरी की गई 1 लाख 60 हजार रुपए मूल्य की संपत्ति बरामद की है।

बीजाडांडी थाना क्षेत्र में हाल ही में चोरी की दो बड़ी घटनाएं सामने आई थीं। पहली घटना 23 अगस्त को रमतिला तिराहा से एक मोटर साइकिल की चोरी थी, जबकि दूसरी 30 अगस्त को मगरधा बैगा भैरी डेम से 20 नग लोहे की प्लेटों की चोरी हुई थी। चोरों को पकड़ने के लिए बीजाडांडी पुलिस ने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया और तकनीकी सहायता का उपयोग किया। इस संयुक्त रणनीति से पुलिस ने जबलपुर निवासी दो आरोपियों को धर-दबोचा।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मो. सलीम 40 वर्ष, आनंद नगर, जबलपुर और इमरान उर्फ इब्बू 32 वर्ष, शास्त्री वार्ड, जबलपुर के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर चोरी की मोटर सायकल और लोहे की प्लेटें बरामद करने के साथ ही घटना को अंजाम देने में प्रयुक्त लोडिंग ऑटो को भी जब्त कर लिया है। इस सफल कार्रवाई को अंजाम देने वाली टीम में थाना प्रभारी प्रदीप कुमार पांडेय के नेतृत्व में उनि. पंकज विश्वकर्मा, सउनि. छविलाल सूर्यवंशी, प्रधान आरक्षक उमाकांत कुमरे, आरक्षक संदीप मेवाड़ा और साइबर सेल की टीम शामिल थी।

बबलिया में प्रतिभाओं का संगम, संकुल स्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

कलाकारों को मिला मंच, मंडला सांसद बोले अन्य संकुल भी करें ऐसा आयोजन

बबलिया 18 अक्टूबर नभाप्र. गांधी जयंती के अवसर पर संकुल केंद्र हायर सेकेंडरी स्कूल बबलिया में संकुल स्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों के अंदर छिपी प्रतिभा चाहे वह सांस्कृतिक हो, खेल-कूद की हो या पढ़ाई-लिखाई की हो, उन्हें एक मंच प्रदान करना था। संकुल प्राचार्य डीके सिंगौर ने कार्यक्रम का प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए यह जानकारी दी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मंडला सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते और विशिष्ट अतिथि निवास विधायक चैनसिंह वरकड़े सहित अन्य गणमान्य नागरिक सम्मिलित हुए। अतिथियों ने महात्मा गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की। संकुल केंद्र बबलिया के 70 विद्यालयों के बच्चों ने इस आयोजन में हिस्सा लिया। छात्रों ने गांधी जी के जीवन पर आधारित स्वच्छता, राष्ट्र प्रेम, छुआछूत और मद्दनिषेध जैसे विषयों पर भाषण, लोक नृत्य, नाटक व वेशभूषा की शानदार प्रस्तुतियां दीं। मुख्य अतिथि फग्गन सिंह कुलस्ते ने संकुल के इस प्रयास को बहुत सराहनीय बताया और जिले के अन्य संकुलों में भी ऐसे आयोजन करने का आह्वान किया। विधायक वरकड़े ने सभी से गांधी जी के आदर्शों को जीवन में उतारने का आग्रह किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के प्राथमिक स्तर में शासकीय प्राथमिक शाला खिन्हा और माध्यमिक स्तर में शासकीय माध्यमिक शाला सुखराम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सभी विजेता विद्यालयों को स्मृति चिन्ह और बच्चों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन शिक्षक दिलीप मरावी व दीप चौबे ने किया।

धनतेरस पर 100 मोबाइल लौटाकर मंडला पुलिस ने बढ़ाई त्यौहार की रौनक

सीईआईआर पोर्टल की मदद से मंडला पुलिस को बड़ी सफलता

डेढ़ साल में 3.25 करोड़ के 2243 फोन रिकवर

मंडला 18 अक्टूबर नभाप्र. धनतेरस के अवसर पर मंडला पुलिस ने एक सराहनीय पहल करते हुए लोगों को उनका खोया हुआ धन वापस लौटाया है। कोतवाली थाना क्षेत्र की शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने 100 गुम मोबाइल फोन रिकवर किए और उन्हें उनके वास्तविक मालिकों को सौंप दिया गया। कोतवाली थाना की मोबाइल रिकवरी टीम और साइबर डेस्क ने पिछले दो माह में अथक प्रयास कर विभिन्न जिलों से इन 100 मोबाइलों को दस्तयाब करने में सफलता प्राप्त की। कंट्रोल रूम में आयोजित एक कार्यक्रम में ये मोबाइल उनके मालिकों को दिए गए, जिससे उनके चेहरों पर खुशी और त्योहार की रौनक लौट आई। मंडला पुलिस की यह उपलब्धि मुख्य रूप से सीईआईआर पोर्टल और एनसीआरपी पोर्टल के प्रभावी उपयोग का परिणाम है। इन प्रयासों के फलस्वरूप मंडला पुलिस ने पिछले डेढ़ वर्षों (वर्ष 2024 और 2025) में 2243 मोबाइल रिकवर किए हैं, जिनकी अनुमानित कीमत लगभग सवा तीन करोड़ रुपये है। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिव कुमार वर्मा ने मोबाइल धारकों और परिजनों को साइबर फ्रॉड से बचाव और साइबर स्वच्छता के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। इसके साथ ही उन्होंने सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए राहवीर योजना और हिट एंड रन प्रतिकर योजना जैसी शासन की योजनाओं के संबंध में भी जागरूक किया। इस सफल रिकवरी में एसडीओपी पीयूष मिश्रा के नेतृत्व में साइबर टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत किशोरी संवाद आयोजित

उदयपुर 18 अक्टूबर नभाप्र. बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के अंतर्गत जिला कार्यक्रम अधिकारी शालिनी तिवारी के मार्गदर्शन में अक्टूबर माह भर थीम आधारित कार्यक्रमों की श्रृंखला जारी है। इसी क्रम में परियोजना बीजाडांडी अंतर्गत शासकीय मॉडल विद्यालय बीजाडांडी की कन्या परिसर में किशोरियों के मानसिक स्वास्थ्य विषय पर संवाद और चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में परामर्शदाता उर्मिला शर्मा ने विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर छात्राओं से संवाद करते हुए मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बढ़ती उम्र में आने वाले शारीरिक, हार्मोनल व भावनात्मक परिवर्तनों को समझने और आत्मनियंत्रण के साथ लक्ष्य निर्धारण पर विस्तार से चर्चा की। छात्राओं ने अपने मन की जिज्ञासाओं को सी-बॉक्स में डालकर प्रश्न पूछे, जिनका समाधान परामर्शदाता द्वारा दिया गया। परियोजना अधिकारी मनीषा तिवारी ने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना की जानकारी देते हुए बालिकाओं को स्वास्थ्य, सुरक्षा, स्वच्छता एवं हेल्पलाइन नंबरों के बारे में बताया। विद्यालय की प्राचार्या डॉ. अल्का गढ़वाल ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए ऐसे संवादात्मक आयोजनों को निरंतर जारी रखने की बात कही। अंत में बालिकाओं को पुरस्कार वितरित किए गए और बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ थीम पर तैयार की गई पेंटिंग्स प्रदर्शित की गईं। छात्राओं ने उत्साहपूर्वक समूह सेल्फी लेकर धन्यवाद ज्ञापित किया

वितरित किए गए सेनेटरी नैपकिन

मोहगांव की छात्राओं को मिला स्वच्छता और स्वास्थ्य का पाठ

मंडला 18 अक्टूबर नभाप्र. जिले की महिला एवं बाल विकास विभाग परियोजना मोहगांव के अंतर्गत बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विकासखंड मोहगांव के चार प्रमुख विद्यालय हायर सेकेंडरी स्कूल गिठार, पीएम श्री उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिलगांव, शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला मुनु एवं हायर सेकेंडरी स्कूल सिंगारपुर में छात्राओं को स्वास्थ्य और स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया।

प्रदर्शनी के साथ पोषण माह का समापन

भुआ बिछिया 18 अक्टूबर नभाप्र. महिला एवं बाल विकास विभाग बिछिया द्वारा पोषण माह का समापन किया गया।। समापन अवसर पर नगर परिषद उपाध्यक्ष रणधीर सिंह राजपूत के मुख्य आतिथ्य में पोषण प्रदर्शनी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं को पोषण माह की निर्धारित थीम के अनुसार समुदाय में पोषण संबंधी आदतों में सुधार के लिए आयोजित गतिविधियों की जानकारी दी गई। अधिकारियों ने बताया कि कुपोषण को कम कर सभी के लिए समग्र स्वास्थ्य सुधार लाना, आहार में नमक, शक्कर और तेल की मात्रा नियंत्रण में रखना, स्थानीय संसाधनों को दैनिक आहार में शामिल करना और शिशु एवं बाल आहार प्रथाओं को अपनाना अत्यंत आवश्यक है। इसके साथ ही एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत आंगनवाड़ी केंद्रों में पर्यावरण और स्वास्थ्य से जुड़ी ईसीसी गतिविधियों की भी रूपरेखा प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी विनोद वाहने, पर्यवेक्षकगण व सभी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

अज्ञात वाहन की टक्कर से साईकिल सवार की मौत

नैनपुर 18 अक्टूबर नभाप्र. धनतेरस की अलसुबह एक दर्दनाक हादसे ने मातम छा गया। जामगांव-बोरी मार्ग पर शनिवार तड़के एक अज्ञात वाहन की टक्कर से साइकिल सवार रमपुरी निवासी वीरन पिता भादू परते की मौत हो गई। हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि सुबह के समय क्षेत्र में घना कोहरा छाया हुआ था, जिसके कारण हादसा हो गया। घटना स्थल से एक बाईक का एक हिस्सा भी बरामद हुआ है। हादसे की सूचना के बाद पुलिस घटना स्थल पहुंची और मामला दर्ज कर हादसे की जांच कर रही है। बताया गया कि मृतक दियाटोला गोझी थाना नैनपुर में अपनी बेटी के घर से रमपुरी लौट रहा था, इसी दौरान यह हादसा हो गया। पुलिस अज्ञात वाहन और चालक की तलाश जारी है।

अब बिछिया में
नवभारत प्राप्त करें-
राकेश पुरी गोस्वामी
पीपलछाया गारमेंट्स, गांधी गेट के सामने, भुआ-बिछिया
क्षेत्रीय समाचार एवं विज्ञापन के लिये संपर्क करें मो.- 7509157348

बुधनवारा में विहिप का आयोजन, धर्मांतरण विरोधी सभा में जागरूकता का संदेश

आदिवासियों को अलग करने के षड्यंत्र का आरोप

भुआ बिछिया 18 अक्टूबर नभाप्र. विश्व हिंदू परिषद के तत्वाधान में जिला बिछिया अंतर्गत प्रखंड बिछिया के ग्राम बुधनवारा में राष्ट्र सुरक्षा मंच एवं अनुसूचित जनजाति सुरक्षा मंच के बैनर तले धर्मांतरण विरोधी सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रखंड धर्मरक्षक बसंत बलाडी ने किया। सभा में बड़ी संख्या में ग्रामवासी, वरिष्ठजन और युवा उपस्थित रहे। घुघरी प्रखंड से धर्मरक्षक कन्हैया गोप ने कहा कि ईसाई मिशनरी और कुछ कट्टरपंथी तत्व सुप्रीम कोर्ट में धर्मांतरण विरोधी कानून समाप्त करने की अपील कर रहे हैं, लेकिन सर्वोच्च न्यायालय ने इस गंभीर मुद्दे को प्राथमिकता नहीं दी। उन्होंने कहा कि जिस न्यायालय ने आवारा कुत्तों की समस्या पर शीघ्र निर्णय दिया, वही अनुसूचित जनजातियों की संस्कृति पर खतरा बने धर्मांतरण के मुद्दे पर मौन है। यह दोहरा रवैया सनातनी समाज के लिए चिंतन का विषय है। जिला धर्मप्रसार प्रमुख विवेक कुमार पांडेय ने अपने वक्तव्य में कहा कि कुछ जातीय और राजनीतिक संगठन विदेशी विचारधारा के इशारे पर आदिवासियों को हिंदू समाज से अलग करने का षड्यंत्र रच रहे हैं। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम के वनवास काल में कोल, भील, केवट, किरात जैसे वनवासी समाज राम भक्त थे, यह स्पष्ट करता है कि आदिवासी संस्कृति सनातन परंपरा का अभिन्न अंग है। उन्होंने आगे बताया कि वामपंथी विचारधारा से प्रेरित होकर कुछ लोग झूठे साहित्य और भ्रामक प्रचारों के माध्यम से सनातन देवी-देवताओं के प्रति लोगों की श्रद्धा को खंडित करने का प्रयास कर रहे हैं। ऐसे असत्य प्रचारों से सावधान रहकर एकता बनाए रखना समाज का कर्तव्य है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रिटायर्ड एएसआई विश्राम मार्को, धर्मरक्षक कन्हैया गोप, बसंत बलाडी, विवेक कुमार पांडेय सहित ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

हेल्पलाईन-9713644800

सौगात

सांसद विवेक तन्खा ने दान की मशीन, 5 मरीजों का उपचार शुरू

नैनपुर में डायलिसिस प्रारंभ होने से मरीजों को मिली बड़ी राहत

मंडला 18 अक्टूबर नभाप्र. आदिवासी बाहुल्य मंडला जिले के जनमानस को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए नैनपुर सिविल अस्पताल में डायलिसिस मशीन की सौगात मिली है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री सम्पतिया उइके और लोकसभा सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते के विशेष प्रयासों से सिविल अस्पताल नैनपुर को यह सुविधा प्राप्त हुई है। राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा ने भी इसमें सहयोग करते हुए एक डायलिसिस मशीन दान की है। अभी तक जिले में डायलिसिस की सुविधा केवल जिला चिकित्सालय मंडला में उपलब्ध थी। दूर-दराज के अंचलों से आने वाले मरीजों को वहां आने-जाने में न केवल आर्थिक परेशानी होती थी, बल्कि कई बार मशीन की व्यस्तता के कारण उन्हें इंतजार भी करना पड़ता था। कलेक्टर सोमेश मिश्रा के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग ने इस नई सुविधा को समय पर प्रारंभ कर दिया है। सिविल अस्पताल नैनपुर में अब तक कुल 5 मरीजों की डायलिसिस प्रारंभ की जा चुकी है। दोनों मशीनों की सहायता से प्रतिदिन 5 से 6 मरीजों का डायलिसिस किया जा सकता है।

ग्रामीणों को अब नहीं जाना पड़ेगा बाहर

सीएमएचओ डॉ. डीजे मोहंती ने बताया कि सिविल अस्पताल नैनपुर में डायलिसिस सुविधा के साथ-साथ शिशु गहन चिकित्सा इकाई भी शुरू होने से आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों के मरीजों को अब डायलिसिस के लिए जिले से बाहर नहीं जाना पड़ेगा। उन्होंने इस सौगात के लिए मंत्री का आभार व्यक्त किया। डायलिसिस करा रहे मरीजों ने इस सुविधा पर अपार संतुष्टि व्यक्त की। बोधसिंह ठाकुर ने कहा कि उन्हें मंडला जाने में बहुत परेशानी होती थी, लेकिन अब घर के नजदीक यह सुविधा मिलने से बड़ी राहत मिली है। वहीं इमरती मरावी ने बताया कि जिला चिकित्सालय में मशीन व्यस्त होने के कारण कई बार उन्हें बिना डायलिसिस कराए वापस लौटना पड़ता था, जिससे वे और उनका परिवार दोनों परेशान होते थे। अब नैनपुर में सुविधा मिलने से सभी परेशानियां खत्म हो गई हैं। उन्होंने मंत्री, जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग का विशेष आभार व्यक्त किया।